हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 जुलाई 2024


04 नगर में दिन के समय हल्की और शाम को हुई झमाझम...



07 केनो सलालम राष्ट्रीय वूमेंस चैंपियनशिप में गोल्ड....



## खबर संक्षेप

### एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** शमशाबाद पुलिस ने एक साल से फरार बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पाक्सो एक्ट का आरोपी अभिषेक उर्फ अभिताप पिता श्याम सपेरा निवासी ग्राम सराना थाना नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ पिछले 1 साल से फरार था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 2500 रुपए का इनाम घोषित किया था। तकनीकी सहायता एवं मुखबिर सूचना पर आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया।

### पुलिस ने नाबालिग को खोज निकाला

**विदिशा।** बासौदा पुलिस ने 27 मई से लापता 16 साल की नाबालिग को खोज निकाला। अज्ञात व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया था। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत निरीक्षक संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपहत बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की।

### एक प्रकरण में जिलाबदर का आदेश जारी किया

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने एक प्रकरण में जिलाबदर का आदेश जारी किया है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर लालदास त्यागी पिता कल्याण दास त्यागी उम्र 55 साल निवासी भवानी नगर सिरोंज को विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से एक साल के लिए निष्कासित किया गया है।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने थाना दीपनाखेड़ा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो हजार रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना दीपनाखेड़ा में दर्ज अपराध प्रकरण का फरार आरोपी शहजाद खां पुत्र हसन खां निवासी गैस एजेंसी रोड पशु चिकित्सालय के पास नया वाला पुरा जिला श्योपुर की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

### वन विभाग ने स्कूल प्रांगण में लगाए पौधे



**लटेरी।** वन परिक्षेत्र उत्तर रेंज लटेरी के अंतर्गत ग्राम ईसरवाश में सामुदायिक भवन एवं स्कूल प्रांगण में वन विभाग ने ग्रामीण व शिक्षक और छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण किया। जिसमें इमली, आंवला, आम, जामुन, पीपल आदि पौधे लगाए गए है। रेंजर मुकेश कैन ने बताया कि पौधारोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा करने का दायित्व सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने पौधों का संरक्षण एवं पानी के महत्व को भी समझाया। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण हेतु स्कूल के विद्यार्थियों को कागज से बने थेले बांटे गए और उन्हें समझाइए दी गई कि अपने दैनिक जीवन में सामग्री उपयोग लाने हेतु घरों में पॉलिथिन का उपयोग न कर कागज से बने हुए थैलों का उपयोग करें।

### मकानों के पीछे ड्रेनेज का पानी आने से परेशान

**विदिशा।** मुखर्जीनगर के बी-सेक्टर के रहवासियों के मकानों के पीछे ड्रेनेज का पानी भर रहा है। रहवासियों ने बताया की इस समस्या को लेकर नपा में भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। यहां जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। जरा सी बारिश में सड़क पर पानी आ जाता है। पानी ज्यादा गिरने में घरों में घुस जाता है। रहवासियों ने नगरपालिका और पार्षद से इस समस्या को हल करने की मांग की है।

# पंडाल भरने के बाद अंदर नहीं घुसने दे रही पुलिस अब हाईवे किनारे बैठकर ही कथा सुन रहे श्रद्धालु


विदिशा। कथा के पांचवे दिन पंडाल की व्यवस्था दुरुस्त की गई। मंच के सामने की कीचड़ हटाकर लोहे की प्लेटस बिछाकर श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था बनाई गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शिवमहापुराण की कथा में श्रद्धालुओं की संख्या को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। गिरधर कॉलोनी में चल रही पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, लेकिन पंडाल भरने के बाद पुलिस ने बैरीकेट्स लगाकर श्रद्धालुओं को अंदर जाने से रोक दिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाहर खड़े रहे। कुछ श्रद्धालु यहां वहां से निकलकर कथा स्थल के अंदर पहुंच गए लेकिन उन्हे भी पुलिस ने अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। हालांकि पुलिस को इसके लिए कुछ सख्ती भी करनी पड़ी। 1 बजे शुरू होने वाली कथा सुनने के लिए श्रद्धलु महिलाएं सुबह 9 बजे से ही कथा स्थल पर पहुंचना शुरू हो जाती हैं। जबकि हजारों महिलाएं पंडाल में ही रुकी हैं। उत्तरप्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ की आड़ लेकर पुलिस सख्ती बरत रही है। पुलिस श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित कर रही है।

**पंडाल भरने के बाद बाहर का नजारा**


विदिशा। कथा का पंडाल भरने के बाद पुलिस ने बैरीकेटिंग कर रास्ता बंद किया।

**हाथ जोड़कर निवेदन कर रही पुलिस**


विदिशा। व्यवस्था बनाने के लिए हाथ जोड़कर निवेदन करता पुलिसकर्मी।

### धान रोपने कटनी से आया था परिवार, चार-पांच दिन से कर रहे काम

# धान रोपते समय टूटकर गिरा तार, 13 वर्षीय मासूम सहित 1 मजदूर की मौत

- समझाइश के बाद पीएम कराने राजी हुए परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अहमदपुर के निकट सूरोद गांव में खेत में धान रोपाई का काम करते समय ऊपर से गुजरी बिजली की लाइन गिरने से एक 13 वर्षीय मासूम सहित एक 38 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। किसान दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे।


विदिशा। घटना के बाद मृतकों के परिजन बमुश्किल पोर्स्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए।

जानकारी के अनुसार अहमदपुर के पास सूरोद गांव में एक किसान के खेत पर धान रोपने कटनी से 7 मजदूर आए थे। सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। चार-पांच दिन से खेत में धान रोप रहे थे। गुरुवार की दोपहर में धान रोपाई के दौरान खेत के ऊपर से निकली बिजली की लाइन का तार अचानक टूटकर गिर गया। जिससे खेत में धान रोप रहे 13 वर्षीय सोमचंद पुत्र रामप्रसाद को करंट लग गया। उसे बचाने पहुंचे 38 वर्षीय सुभाष भी करंट की चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद रामप्रसाद और अन्य लोगों ने प्लास्टिक के पाइप से करंट की डोरी को हटाया और दोनों को खेत मालिक की मदद से मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सोमचंद और सुभाष दोनों को ही मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्य पहले पीएम करने के लिए तैयार नहीं थे। समझाइश के बाद वह पीएम के लिए राजी हुए।



**बिलखते रहे परिजन**

घटना के बाद अस्पताल पहुंचने परिजनों को जैसे ही पता चला की दोनों की मौत हो गई तो महिलाएं बिलख बिलखकर रोने लगीं और बदहवास हो गईं। मजदूरों का रो रोकर बुरा हाल था। काफी समझाइश के बाद वह पीएम कराने राजी हुए इसके बाद डॉक्टरों ने दोनों शवों का पोस्ट मार्टम कराया।

# बिना नंबर के ही चल पड़ीं सीएम राइज स्कूल की बसें


विदिशा। बस चालकों के पास उपलब्ध नहीं हैं बसों के कागज और दस्तावेज।

- अनुबंध की शर्तों का अवलोकन करने की बात कह रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बरईपुरा स्थित सीएम राइज स्कूल में संचालित स्कूल बसों के न तो नंबर हैं न ही परमिट और न फिटनेस। रोजाना दूरदराज से सैकड़ों बच्चों को 6 बस स्कूल लेकर पहुंचती हैं और घर छोड़ती हैं। अप्रिय घटना होने पर न तो बस चालक न संचालक और न ही ठेकेदार का पता चल सकेगा।

इधर बस चालकों का कहना है कि बसों के कागज हैं पर ठेकेदार के पास रखे हुए हैं। 27 जून को कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बरईपुरा सीएम राइज स्कूल में बसों का संचालन प्रारंभ कराया गया है। इसके पूर्व विदिशा जिले के ग्यारसपुर सीएम राइज स्कूल में भी पांच बसों का संचालन शुरू हुआ।

विदिशा में कुल 6 बस शुरू हुई हैं। स्कूल प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी इस मामले में अनभिज्ञता जता रहे हैं। वहीं जिला शिक्षाधिकारी आरके ठाकुर का कहना है कि इस संबंध में अनुबंध की शर्तों का अवलोकन किया जाएगा।

## शमशाबाद पुलिस ने अपहरण कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को 48 घंटे में दबोचकर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

युवती का अपहरण कर जंगल में लेजाकर छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों को शमशाबाद पुलिस ने दबोच लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नाबालिग फरियादिया ने थाना शमशाबाद में रिपोर्ट किया कि जब वह स्कूल जा रही थी तो वीरेन्द्र गुर्जर व वीरन गुर्जर निवासी ग्राम पातरपुर बाइक पर जबरदस्ती उठाकर जंगल में ले गए और छेड़छाड़ की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शमशाबाद द्वारा एक टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा घटना के बाद से ही लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जिसके चलते दोनों आरोपियों को मात्र 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। अपहरण में प्रयोग की गई बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिन्हें माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया।

### डीईओ से क्रमोन्नति व पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की

**विदिशा।** मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर क्रमोन्नति, पदोन्नति आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की। डीईओ आरके ठाकुर ने बताया कि एक सप्ताह में सूची जारी की जाएगी। इस दौरान उमराव सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष कमल सिंह परिहार, पप्पू कुशवाह, निरंजन सिंह रघुवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जगदीश स्वामी रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के मानोरा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आषाढ़ सुदी दूज 7 जुलाई को जगदीश स्वामी की ऐतिहासिक रथ यात्रा निकाली जाएगी।

इस वर्ष भी 7 जुलाई को भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा निकालेगी। रथ यात्रा के दौरान 6 से 8 जुलाई के बीच मेले का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु जगदीश स्वामी के दर्शन करने पहुंचेंगे। मेला ग्राउंड में व्यापारियों की दुकानें लगाना शुरू कर दिया है। लेकिन बारिश का पानी भरा होने से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापरियों ने समिति से व्यवस्थाएं दुरस्त करने की मांग की है। मेले के व्यापारी रसीदें भी कटवा चुके हैं। जगदीश स्वामी जी की रथ यात्रा में दूर दराज से श्रद्धालु लाखों की संख्या में दर्शनों के लिए पहुंचते हैं वहीं श्रद्धालु दूर-दूर से पिंड भरकर अपनी मनोकामना लेकर मानोरा पहुंचते हैं। उनकी जगदीश स्वामी जी महाराज मनोकामना पूर्ण करते हैं। विदिशा से मानोरा के बीच और कस्बा बागरोद चौराह से ग्यारसपुर मानोरा के बीच जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पंडाल लगाकर भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाती है।

## जुआ खेलते तीन आरोपियों को दबोचा, 2700 रु. जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा।

आनंदपुर पुलिस ने जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 2700 रुपए जब्त किए गए हैं। अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए हैं। आनंदपुर को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम ओखलीखेड़ा के पास करईखेड़ा कच्चे रास्ते के तिगड्डा पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस बताए गए स्थान के पास पहुंची जहां कुछ लोग तिगड्डा पर जुआ खेलते दिखे। जिन्हे हमराही फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने प्रवीण पिता पहाड़ सिंह राठौर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम करईखेड़ा, ज्ञान सिंह पिता धीरज सिंह पाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम ओखलीखेड़ा, राजीव पिता तुलसीराम चिढार उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम ओखलीखेड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 2700 रुपए भी पुलिस ने जब्त किए हैं। आरोपियों के विरूद्ध थाना आनंदपुर में मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपियो की घेराबंदी कर पकड़ने में उप निरीक्षक दीपक राठौर थाना प्रभारी आनंदपुर, सहायक उप निरीक्षक अनूप यादव, आरक्षक विजय शर्मा, आरक्षक अनिल डोडियार, सैनिक कमल सिंह की मुख्य भूमिका रही।

### छात्राओं को दी कॉलेज में होने वाली गतिविधियों की जानकारी

# गर्ल्स कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को दीक्षारंभ समारोह मनाया गया।

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ नीता पांडे द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर विनीता प्रजापति दीक्षारंभ प्रभारी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत भाषण से की गई। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों द्वारा छात्रों को अपना परिचय दिया गया। प्रोफेसर रामाशीष यादव सहायक प्राध्यापक भौतिकी द्वारा छात्राओं को प्रवेश नियम,



विदिशा। छात्राओं को कॉलेज में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी देता कॉलेज का स्टाफ।

प्रयोगशाला, पुस्तकालय संबंधी जानकारी प्रदान की गई। डॉ संध्या जैन प्राध्यापक समाजशास्त्र ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सामाजिक गतिविधियों स्नेह सम्मेलन, युवा उत्सव एवं कला संकाय संबंधी जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी द्वारा छात्राओं को एनसीसी एवं एनएसएस संबंधी जानकारी दी गई एवं उसका महत्व समझाया गया उससे क्या-क्या फायदे हैं इसको भी विस्तार से बताया छात्राओं को बताया। कुंदन रारैया ने खेल, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी देते हुए छात्राओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आने के लिए भी प्रेरित किया। सभी छात्राओं को एनईपी 2020, शोध, विषय वस्तु की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3752
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-2890
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2500
चना
न्यूनतम भाव- 5110
उच्चतम भाव- 6600
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6570
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1860
उच्चतम भाव-4460
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5840
सरसों
न्यूनतम भाव-2610
उच्चतम भाव-6135
उड़द
न्यूनतम भाव-4201
उच्चतम भाव-7700
मूंग
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-7880
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2890
अलसी
न्यूनतम भाव-5370
उच्चतम भाव-5370
धना
न्यूनतम भाव-5850
उच्चतम भाव-6600
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3200
तुअर
न्यूनतम भाव-9100
उच्चतम भाव-9100

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 14618 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### श्रमदान दल का पौधरोपण कार्यक्रम आज

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को श्रमदान दल द्वारा संचालित पौधरोपण अभियान 3.0 के तहत जारी जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम के क्रम में दो पौधा वेदांत आश्रम, जीवाजीपुर में वस्त्र व्यापारी संघ के सहयोग से शाम 4:30 बजे रोपित किए जाना है। जिसमें व्यापारियों से शामिल होने की अपील की है।

# पाराशरी नदी को बेतवा से जोड़ने के लिए कृषि मंत्री चौहान से की भेंट







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका परिषद एवं पंचतत्व संरक्षण समिति का सपना है कि पाराशरी को पुनर्जीवित किया जाए। इस हेतु विगत वर्ष से ही पाराशरी के सौन्दर्यकरण, गहरीकरण एवं चौड़ीकरण के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। यह प्रयास फलीभूति भी हो रहे हैं।

इसी संबंध में गत दिवस केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज चौहान से नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंचतत्व समिति के अध्यक्ष तथा नपा में स्वच्छता के ब्रांड अम्बेसडर सुरेंद्र सिंह दांगी, नितिन यादव और अनुज कन्नू यादव ने पाराशरी और बेतवा को आपस में जोड़ने के संबंध में दिल्ली में उनके निवास पर भेंट की। तो उन्होंने कहा कि सबसे पहले चलकर पौधे लगाते हैं इसके बाद दूसरी चर्चा होगी। पौधे लगाने के पश्चात चर्चा करने पर जब बताया कि बेतवा नदी से पाराशरी नदी को मिलाने की नगर पालिका, पंचतत्व समिति एवं नागरिक मांग कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने इस दिशा में तुरंत कुछ बड़े कदम उठाने की बात कही, साथ में पाराशरी गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के बारे में बताया तो उन्होंने नगर पालिका को अनुदान दिलाने की बात कही। इस दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वस्त किया कि पाराशरी के उत्थान के लिये हरसंभव प्रयास किये जायेंगे और हर तरह से सहयोग किया जाएगा।

ज्ञात हो कि पाराशरी नदी लगभग 45-50 वर्ष पूर्व बारहमासी एवं सदानीरा नदी हुआ करती थी। नगर के बीचोंबीच बहने वाली यह नदी लगभग 30 किलोमीटर के बहाव क्षेत्र में बहने वाली स्थानीय छोटी सी नदी है। लेकिन हम नगरवासियों के लिये तो यही हमारी गंगा-यमुना है। पाराशरी कायाकल्प का यह अभियान नगरपालिका, पंचतत्व, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकार बंधुओ एवं नगर के जागरूक और सम्वेन्दनशील नागरिक बंधुओ के साथ मिलकर किया जा रहा है और सभी का साथ और सहयोग इसी तरह से बना रहा तो कामयाबी भी अवश्य मिलेगी। वहीं सांसद प्रतिनिधि के माध्यम से नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने केन्द्रीय मंत्री एवं विदिशा के सांसद शिवराज सिंह चौहान को नगर में सब्जी मंडी ना होने की समस्या से अवगत कराया। उनके मांग पत्र में कहा गया है कि नगर में व्यवस्थित सब्जी मंडी न होने से व्यापारियों को परेशानी होती है, साथ में जाम की स्थिति भी बनती है। पुरानी गल्ला मंडी में जहां डेढ़ सौ बिस्तर का अस्पताल बन रहा है वहां अभी भी 10 बीघा जमीन खाली है, यदि मंडी बोर्ड यह भूमि नगर पालिका को उपलब्ध कराती है तो नपा वहां पर सब्जी बाजार एवं रामलीला मेले का संचालन आसानी से कर सकती है। कृषि मंत्री ने तुरंत हामी भरते हुए इस कार्य को करने की बात कही। कृषि मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद प्रतिनिधि और उनके साथियों ने सागर से सांसद लता वानखेड़े एवं नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी से भी मुलाकात की और उन्होंने भी गंजबासौदा में विकास कार्यों में हाथ बंटाने की बात कही है। निश्चित ही आने वाले दिनों में गंज बासौदा में काफी बदलाव देखने को मिलेंगे।

### नदी, नालों का जल स्तर बढ़ा, सड़कें हुई पानी से लबालब, मौसम में घुली ठंडक

# नगर में दिन के समय हल्की और शाम को हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







इलाके में लंबे इंतजार के बाद गुरूवार को आखिरकार नगर सहित आसपास के इलाके में जोरदार बारिश हो गई। दिन के समय बूंदाबांदी होने के बाद शाम के समय नगर में तेज बारिश का दौर शुरु हो गया। जो लगभग एक घण्टे तक चलता रहा, जिससे नगर के मध्य से बहने वाली पाराशरी नदी सहित नालों का जल स्तर बड़ गया वहीं सड़कें भी पानी से लबालब हो गई। उधर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी कहीं एक घंटे तक जोरदार बारिश के समाचार मिले हैं तो कहीं शाम से ही खबर लिखे जाने तक रिमझिम बारिश और अच्छी बौछारों का दौर जारी रहने की सूचनाएं आ रही हैं। इस बारिश से क्षेत्र भर में किसान संतुष्ट और प्रसन्न नजर आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह भर मौसम आंशिक रूप से खुला रहने का लाभ उठाते हुए किसानों ने अपने खेतों में सोयाबीन, उडद एवं धान की बोवनी कर दी थी और वे अब बेसब्री से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। जबकि रोपने वाली धान लगाने वाले किसान भी धान की रोपाई के लिए जोरदार बारिश की कामना कर रहे थे। हालांकि पिछले दो दिनों से इलाके में रह रहकर बारिश तो हो रही थी, लेकिन कहीं तेज बौछारें पड रही थीं तो कहीं रिमझिम पानी बरस रहा था। इसके विपरीत गुरूवार से मौसम ने तेवर बदल दिए और सुबह से ही आसमान पर बादल गहराए रहे। इन बादलों से दोपहर से ही नगर में रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया। रह रहकर रिमझिम बारिश और बौछारों का यह दौर खबर लिखे जाने तक जारी है। इस बीच कुछ कुछ समय के लिए नगर में तेज बारिश का भी दौर चलता रहा। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में भी बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान ग्राम विशनपुर में एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई तो मसूदपुर क्षेत्र में शाम से ही रिमझिम बारिश जारी है। वहीं अंबानगर में भी एक घंटे तक तेज बारिश के बाद रिमझिम बरसात चल रही है। त्योंदा, कस्बा बागरोद, उदयपुर, सिरनोटा, घटेरा सहित समूचे क्षेत्र में कहीं जोरदार तो कहीं बौछारों के साथ रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। इस बारिश से जहां नदी नालों का जलस्तर बढ गया है। वहीं खेतों में भी फसलों को काफी लाभ मिल रहा है। दूसरी ओर तेज बारिश से धान रोपने वाले किसानों के खेत भी भर गए हैं और उन्हें भी काफी राहत हो गई है।

अब इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी मानसून की अच्छी बारिश जारी रहने के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार बादलों से शुक्रवार को भी इलाके में अच्छी बारिश हो सकती है। जबकि शनिवार को कुछ राहत रहेगी।

## नपा ने रिपटा घाट से कचरा उठवाकर पहुंचाया ट्रेंचिंग ग्राउंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

30 जून को संपन्न हुए साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 के 39 वे चरण के साथ श्रमदान दल द्वारा साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 को समाप्त करने का निर्णय लिया है। 30 जून को ही नगर पालिका द्वारा श्रमदान दल द्वारा एकत्रित सारा कचरा डंपिंग ग्राउंड भेज दिया गया। श्रमदान दल, नगर पालिका द्वारा समय समय पर श्रमदान दल को दिए जाने वाले सहयोग के लिए नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव का आभार माना। साथ ही नगर पालिका से जुड़े सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों सहित उन सभी व्यक्तित्व का भी ह्रदय से आभार प्रकट किया। जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से श्रमदान दल को सहयोग किया।

## जुआरियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिटी थाना पुलिस ने जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन जुआरियों को पकडकर उनसे 10350 रुपये नगदी जब्त कर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि महाराणा प्रताप चौक कलारी के पास बने खंडहर में कुछ लोग ताश के पत्तों से रूपयो, पैसों का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद टीम द्वारा तत्काल दबिस दी गई एवं आरोपी सुनील रघुवंशी उम्र 33 साल निवासी वार्ड नं 5 कक्का वाली, अनिकेत गौड उम्र 21 साल निवासी जवाहर रोड, सुनील मालवीय उम्र 30 साल निवासी बेदनखेडी, उदित व्यास उम्र 32 साल निवासी मंडीबामौरा, सल्लू उर्फ संजीव गौड़ उम्र 21 साल निवासी जवाहर रोड, सतीश वंशकार उम्र 35 साल निवासी बरबटपुरा, नवीन गौंड़ उम्र 23 साल निवासी जवाहर रोड, कपिल गौंड उम्र 26 साल निवासी जवाहर रोड, सलमान खान उम्र 23 साल निवासी बेदनखेडी को पकडा गया। उनके पास से कुल नगदी 10350 रूपये एवं 52 ताश के पत्तों की 2 गड्डी जब्त कर आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, लालाराम प्रजापति, राकेश सेन, सृष्टीराज सिंह ,जितेन्द्र, आजाद सिंह दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रहवासी बस्ती में संचालित दूध डेयरी बनी रहवासियों की मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन, प्रशासन चाहे कितने भी स्वास्थ्य संबंधित सफाई व्यवस्थाएं कर ले लेकिन नगर में रहवासी बस्ती के बीच संचालित हो रही दूध डेयरी से आसपास के लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि दूध डेयरी के कारण आसपास का इलाका गोबर और बदबू से भरा रहता है। प्रशासन के आदेश के बाद भी शहर से अभी भी दूध डेयरी को बाहर नहीं ले जाया गया है। जिसके चलते बारिश में अब और बीमारियों का पनपना शुरू हो जाऐगा।

## नाली निर्माण में नहीं किया जा रहा गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा



त्योंदा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम लहरावदा में इन दिनों नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। नाली निर्माण में नर्मदा सेंड की जगह नाले की रेत का उपयोग किया जा रहा है। नाली में सरिया लोहा कम मात्रा में एवं 6 एमएम का लगाया जा रहा है एवं नाली ऐसी बनाई जा रही है जिससे पुरानी सड़क सकरी कर दी गई है एवं सड़क पर नाली खुदाई का मलमा मिट्टी पत्थर आदि डाल दिए हैं। बारिश का समय है ऐसे में ग्राम वासियों को आवागमन में तथा अपने दो पहिया वाहन आदि निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मटेरियल सड़क पर डाल दिया गया है जिससे वाहन आदि नहीं निकल पा रहे हैं साथ ही पैदल निकलना भी मुशिकल हो गया है। ग्रामीण पप्पू सिंह ने बताया कि सहायक सचिव महीने में कुछ ही दिन आते हैं। वह गंजबासोदा से ही अप डाउन करते हैं, कई बार उनसे संपर्क भी किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं ग्राम के लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सहायक सचिव द्वारा नाली निर्माण में घटिया कार्य कराया जा रहा है जिसमें नाले की रेत उपयोग किया जा रहा है।


इस संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह राजपूत से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मैं उक्त मामले की जानकारी लेता हूं।

### वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से गाय कटी

**गंज बासौदा।** गुरुवार को रात्रि के समय दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। ट्रेन तेज स्पीड में होने के कारण गाय ट्रेन के अगले हिस्से में फंस गई, जिसे बाहर निकालने के लिए लगभग 30 मिनिट से अधिक समय तक ट्रेन स्थानीय रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। गाय के ट्रेन से टकरा जाने से ट्रेन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। समाचार लिखे जाने तक ट्रेन से गाय को निकालने के प्रयास जारी रहे।

### आशुतोष नगर में श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ईदगाह रोड स्थित आशुतोष नगर वार्ड नंबर 21 में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस आचार्य पंडित विकास ऐलिया ने कहा धीरज, धर्म, मित्र और नारी आपद काल परिखेहु सारीवह 'धैर्य' नहीं तो और क्या था। जिसने वनवास के समय राम का साथ दिया। आज भी जब जीवन में कठिन समय आता है उस समय धीरज, धैर्य, मित्र और जीवनसाथी के अलावा अन्य कोई उद्धार के लिए नहीं आता है। अर्थात हर हाल में बिना धैर्य रूपी लालटेन के आश्रय में गए जीवन के अंधेरे समाप्त नहीं होते हैं। वह धैर्य ही है जो गंभीर मुश्किलों में यह विश्वास कायम रखता है कि आने वाला कल अच्छा और बेहतर होगा। पंडित एलिया ने श्रीमद् भागवत कथा के नियम समझाते हुए कहा कि इंसान को अपने जीवन में नियम धारण आवश्य करना चाहिए। नियम संयम संकल्प से ही मनुष्य आगे बढ़ सकता है जिसका संकल्प नहीं है संकल्प ही मार्ग दिखाता है संकल्प ही ईश्वर से मिलाता है संकल्प जीवन में होना आवश्यक है। कथा में उपस्थित मुख्य यजमान सोनम बलराम सिंह राजपूत, बृजेश सिंह राजपूत, भोला सिंह राजपूत, राजन सिंह राजपूत सहित समस्त भक्तों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।

### सिटी थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को परिजनों को सुपुर्द किया

**गंजबासौदा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिटी थाना पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 27.5.2024 को फरियादिया ने अपनी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहलाफुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट सिटी थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। दिनांक 3.7.2024 को सिटी थाना पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के दौरान निरीक्षक संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, लालाराम प्रजापति, बिनीता छिब्बर, सरमन साहू, योगेश संसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई।




# 'पूर्ण साक्षर भारत, विकसित भारत बनाने हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निरक्षरता का कलंक मिटाने भारतवर्ष को पूर्ण साक्षर बनाने गाँव गाँव मे सामाजिक चेतना केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रो के माध्यम से असाक्षर व्यक्तियो को 2027 तक साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिऐ जन शिक्षा केंद्र नौघई अंतर्गत सभी शाला प्राभारियों का शासकीय माध्यमिक विद्यालय पचमा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने सभी को पूर्ण साक्षर भारत विकसित भारत का संकल्प दिलाया। कादरी ने कहा हम सभी सामाजिक चेतना केंद्र को गांव का जन जागरण अभियान केंद्र बनाऐ । पुस्तक दान कार्यक्रम लगातार आयोजित करे जिसमे हम सभी अधिक से अधिक संख्या मे पुस्तक दान कर इन केंद्रो को सुदृढ कर मजबूत बनाऐ। जनशिक्षक वीरेंद्र दिवाकर ने बताया 2011 की जनगणना को लक्ष्य बनाकर हर गाँव मे साक्षर पंजीयन करे और नियमित इनकी कक्षाऐ लगाकर साक्षरता कार्यक्रम सफल बनाऐ। अमित श्रीवास्तव ने सभी शाला प्रभारी, नोडल अधिकारी गण एवं अक्षर साथियो से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम मे आहूति देकर राष्ट्र धर्म निभाने राष्ट्र हित मे आगे आने का आह्वान किया। उन्होने कहा इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हम अपना राष्ट्र प्रेम निभा सकते है। अलोचना, निंदा या उलाहना और अन्य प्रकार की बधाओ से बिल्कुल न डरें, आइऐ इस राष्ट्रीय हित के कार्य मे अपना तन मन धन समय देकर राष्ट्र का ऋण चुकाने की कोशिश करें ।

### आपका जीवन समाज के कल्याण का माध्यम बनेः दीदी



**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पठारी से उदयपुर पहुंची शिवानी दीदी ने सभी माता बहनों को शुभ प्रेरणा देते हुए कहा कि हम सभी परमात्मा की संतान है। उन्होंने कहा कि कुछ गुणों को हमें भी अपने जीवन में लाना चाहिए शांति आनंद प्रेम पवित्रता शक्ति। संकल्प की शक्ति भी बड़ा परिवर्तन का कार्य करती है, श्रेष्ठ संकल्प ही हमारे जीवन में शुभ दिशा का निर्माण करती है साथ ही ब्रह्माकुमारी अर्चना दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पिंकी दीदी, अंजलि, प्रीति, दीपक, रानी, किरण आदि शामिल रहीं।



मध्यप्रदेश कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ करेगी सम्मान

# केनो सलालम राष्ट्रीय वूमेंस चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर रीना सेन ने बढ़ाया सेन समाज का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

खरगोन जिले के महेश्वर तहसील के छोटे से गांव मोगावां की बेटी रीना सेन ने कर्नाटक मे हुई केनो सलालम राष्ट्रीय वूमेंस चैंपियन शिप मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। एक छोटे से किसान की बेटी रीना सेन ने सलालम चैंपियन शिप मे राष्ट्रीय स्तर पर अब तक 6 गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है।

वही रीना सेन की इस उपलब्धि पर सेन समाज मे हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद सेन ने कहा की रीना की उपलब्धि सेन समाज के लिए गौरव की बात है हम शीघ्र ही बेटी रीना के साथ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह भोपाल में आयोजित करेंगें। इस मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दादा करण सिंह सेन ने रीना की उपलब्धि पर ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आप इसी तरह सफलता अर्जित कर समाज का नाम रोशन करें। ईश्वर आपको लंबी आयु और सफलता प्रदान करे। तो वही मध्य प्रदेश कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रवक्ता पत्रकार विश्वजीत सेन ने रीना की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा की आपने गांव,अपने माता पिता, एवं सेन समाज का नाम रोशन किया आप बधाई की पात्र है आपकी उपलब्धि पर समाज गर्व की अनुभूति महसूस कर रहा है आप इसी तरह सफलता प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करें। यही मेरी शुभकामनाएं है रीना की इस उपलब्धि पर धार जिलाध्यक्ष अमर सेन मनावर, खरगोन जिलाध्यक्ष देवनारायण सेन, राकेश सेन,तुलसीराम सेन मंदसौर, अनिल बोराना, राम बाबू श्रीवास ग्वालियर, श्रीमति प्रियंका सेन रायसेन, ब्रजेश सेन, कृष्णा लहौरी विदिशा, जयप्रकाश सेन मनावर ने भी उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी।



# वर्षों इंतजार के बाद सड़क निर्माण कार्य हुआ प्रांरभ

## पार्षद प्रतिनिधि ने गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के लिए ठेकेदार से किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के वार्ड क्रमांक 16 व 13 में हाई स्कूल से लेकर रोहिल पुरा चौराहा तक होने वाले सड़क निर्माण कार्य का वर्षो इंतजार बाद शुभारंभ हो गया। उक्त सड़क का ठेकेदार द्वारा डामरीकरण से रोड का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य प्रांरभ होने की जानकारी मिलती ही भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी ने मौके पर पहुचकर सड़क निर्माण कार्य व सड़क की गुणवर्ता को देखा। साथ ही उन्होने ठेकेदार से अच्छी गुणवर्ता पूर्ण सड़क बनाने का आग्रह किया।

## पाबंदी के बाद भी मुख्य बाजार में दौड़ रहे वाहन

# छोटी गलियों का सहारा लेकर मुख्य बाजार में प्रवेश कर रहे बड़े वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के मुख्य बाजार में पल-पल पर लगने वाले जाम की समस्या से निपटने के लिए मुख्य बाजार के तीन चौराहो पर स्थानीय प्रशासन द्वारा बैरिकैडिंग की गई थी और सुबह 9 बजें से रात्रि 8 बजे तक मुख्य बाजार में तिपहिया व चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा रखी है। लेकिन नगर के मुख्य बाजार का आलम यह है कि यहा नजर हटी वहा दुर्घटना घटी।

मुख्य बाजार में लोडिंग ऑटो चालक बे फिकर होकर अपने वाहन दौडातें नजर आते है। साथ ही कभी-कभी तो चार पहिया वाहन चालक भी मुख्य बाजार में अपने वाहन लेकर आ जाते है। जिससे आम नागरिको को घण्टो जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। चालकों की मनमानी रोकने के लिए नगर के मुख्य चौराहो पर यातायात पुलिस जवान तैनात रहते हैं। जिस कारण तिपहिया व चार पाहिया वाहन चालक छोटी-छोटी गलियो का सहारा लेकर अपने वाहनो के साथ मुख्य बाजार में प्रवेश कर लेते है



और आगे राहगीरों की भीड़ होने के कारण वाहन निकल नहीं पाते और जाम की स्थिति पैदा हो जाती हैं। संकरी सड़क होने की वजह से आधा किमी के दायरे में कई स्थानों पर जाम लगता है।

# मप्र जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर बैठक का आयोजन

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

गुरुवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष में क्षेत्र के प्रसिद्ध नागेश्वर मंदिर परिसर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की एक बैठक आयोजित की गई।

जिसमें तय किया गया कि जुलाई माह में अधिक से अधिक पौधरोपण का कार्यक्रम ग्राम विकास समिति व नगर विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा। उसकी देखभाल के लिए समितियां कैसे काम करें इस पर भी चर्चा की गई। वही मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने कहा शासन की योजनाओं का लाभ आम आदमी को मिले इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व की क्लास एसीएमसीएलडी प्रारंभ हो रही है। इसके लिए शीघ्र कक्षाएं लगाई जाएंगी। उसके लिए ज्यादा से ज्यादा संपर्क कर प्रवेश दिलाएं। उन्हें जागरूक करें कि चित्रकूट विश्वविद्यालय के द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में सोशल वर्क से जुड़े कार्य कराए जातें हैं। प्रमाण पत्र, डिग्री आदि भी उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति आदि कार्यों पर भी निरंतर कार्य करने के लिए नवांकुर संस्थाओं को निर्देशित किया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी, नवांकुर संस्था से अंकित पाठक, रामचरण कुर्मी, प्रमोद रघुवंशी, किशोर पटेल, राजेश पटेल, परामर्शदाता कृष्णचंद्र पटेल, इंदर सिंह रघुवंशी, दिनेश शाक्य आदि मौजूद रहे।

## ईसीई सेक्टर वाल मेले का आंगनबाड़ी केंद्र पड़रिया में हुआ आयोजन

**रहली।** विगत दिनों निजी संस्था के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए कार्यकर्ताओ को ई सी ई प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल खेल में मनोरंजक तरीके से पढ़ाने के गुण भी सिखाए गए थे। प्रशिक्षण के आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रियान्वयन की जांच के मकसद से गुंजोरा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों का सम्मलित वाल मेले का आयोजन सेक्टर

# एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन सेवा एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज उदयपुरा ग्राम की वन भूमि पर 2500 पौधो को कलेक्टर दीपक आर्य, मेजर जनरल केटीजी कृष्णन, ब्रिगेडियर राजन ए.बाई एवं कमांडेंट कर्नल अजीत सिंह, डीएफओ साउथ महेंद्र प्रताप सिंह सहित सेना, वन विभाग एवं स्कूली छात्र छात्राएं और अधिकारियों द्वारा पौधे रोपे गये।



प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अनुसार एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन वन विभाग एवं आर्मी के द्वारा 33000 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके अंतर्गत आज वृक्षारोपण का आयोजन भारत सरकार के एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार उदयपुरा तिवारी में 2500 पौधों का रोपण किया गया।

# स्कूल बस से स्कूटी सवार छात्र की टक्कर, भोपाल में चल रहा इलाज

## प्रकरण दर्ज, स्कूल प्रबंधन ने दो लाख की मदद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

गुरारिया रोड पर गुरूकुल स्कूल की बस और एक्टिवा सवार छात्र की टक्कर में छात्र शोर्य द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद से ही छात्र का भोपाल के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की गई। गुरूकुल स्कूल प्रबंधन द्वारा लगभग दो लाख रू. की आर्थिक मदद किए जाने की जानकारी दी है। इसके बाद भी विप्र संगठन, हिउस, पालक संघ द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर प्रभावी कार्यवाही की मांग की गई।

सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा घटना और छात्र के गंभीर होने भोपाल में उपचार के विषय में गंभीरता से नहीं लिया गया। स्कूल संचालक पर परिवार वालों द्वारा मदद के दिए भरोसे को पूर्ण न किए जाने का आरोप लगाया है। ज्ञापन सौंपते हुए घटना की निष्पक्ष



जांच और कार्यवाही की मांग की है।

### स्कूल ने की मदद

स्कूल वेन और एक्टिवा सवार छात्र शोर्य द्विवेदी के गंभीर घायल होने, भोपाल में उपचार पर दोनों पक्ष के अपने-अपने दावे है। स्कूल संचालक प्रशांत राठी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर प्राचार्य और दो शिक्षकों को एम्बूलेंस के पीछे भोपाल भेजा। राठी ने कहा कि प्रारंभिक उपचार के दौरान मेरे द्वारा राशि दी गई जो लगभग 2 लाख रुपए है। स्वयं एवं परिवार द्वारा अस्पताल पहुंच घायल बच्चे से 3-4 बार मुलाकात की गई। इसके बाद भी छात्र के परिजनों द्वारा स्कूल प्रबंधन पर निराधार आरोप लगाकर स्कूल की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# फोरलेन पर आवारा मवेशियों से परेशान जनपद सीईओ ने पंचाय को लिखा पत्र

पंचायत एवं गो पालकों पर होगी कार्रवाई, सड़कों पर गोवंश पाए जाने पर ग्राम पंचायतों को गोशालाओं में भेजने के भी निर्देश



**बरेली।** खेतों में धान की फसल लग चुकी है आवारा मवेशी नुकसान पहुंचाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भोपाल जबलपुर फोरलेन-45 के साथ बाड़ी बक्तरा मार्ग, बरेली पिपरिया मार्ग पर आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के प्रयास में जनपद बाड़ी के सीईओ द्वारा मार्गो पर पड़ने वाली ग्रापं. के सरपंचों, सचिवों को पत्र लिख कर मवेशियों को छुट्टा न छोड़ने मुनादी, दीवार लेखन इत्यादि के माध्यम से नियंत्रण के प्रयास किया जा रहा है।

हमेशा फोरलेन-45 एवं विभिन्न प्रमुख मार्गो पर आवारा मवेशियों के झुंडो का सड़कों पर डेरा और विचरण करने से घटना दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मवेशियों के कारण हुई दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की मौत और घायल हो चुके है। इसी के साथ दर्जनों मवेशियों की मौते और घायल हो चुकी है। जैसे ही दुधारू पशु दूध देना बंद करता है, पशु पालकों द्वारा छुट्टा आवारा छोड़ दिया जाता है। फोरलेन-45, बाड़ी बक्तरा मार्ग, बरेली पिपरिया मार्गो पर सेकडो की संख्या में छुट्टा मवेशी सुरक्षित यातायात में हमेशा बाधा बनते रहते है। जनपद सीईओ ने ग्रापं. खेरी मुगली, खरगोन, खेरवाडा, भौडिया, पिपरिया करन सिंह, कामतोन, धोखेड़ा, कोटपार गणेश, धनारी, समनापुर जागीर, चारगांव, हरसिली, घोंट, पारतलाई, बाबई, अमरावद कलां, गाजीखेडी, नानपोन, दिगवाड, नयागांव कलां, महेश्वर, बाग पिपरिया, अलीगंज, मांगरोल 2 के सरपंच, सचिवों को पत्र लिखा गया है। जिसमें गोवंश के कारण दुर्घटना पर ग्रापं. और पशु पालको पर दोषी मानकर कार्यवाही की जाएगी। पत्र में लिखा है कि मार्गो पर गौ पैट्रोलिंग भी की जा रही है।

### संस्कृति व धरोहर से रूबरू कराती पुस्तक

सागर। बुंदेलखंड की उर्वरा पावन भूमि को सांस्कृतिक एवं अमूल्य धरोहरों को सहेजने का गौरव भी प्राप्त है। लेकिन इस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहरों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है समाजसेवी एवं लेखिका डॉक्टर नीलिमा पिंपलापुरे ने। उन्होंने अपनी पुस्तक बुंदेलखंड- द हार्ट बीट आफ मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत एवं अमूल्य धरोहर के संबंध में बहुत ही सुंदर एवं सचित्र वर्णन किया है। बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों के संबंध में डॉक्टर नीलिमा पिंपलापुरे द्वारा लिखित पुस्तक बुंदेलखंड- द हार्ट बीट ऑफ मध्य प्रदेश का विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विमोचन किया।

# प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपाइयों ने लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल लटेरी के कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति पार्क शमशाबाद रोड लटेरी में पौधे रोपे। इस अवसर पर लटेरी मंडल अध्यक्ष राजकंवर बघेल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम के आह्वान से आमजनों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। चूंकि सभी मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे तो इनका रखरखाव भी बड़ी जिम्मेदारी से करेंगे। अपने खेत बगीचा पार्क के किनारे-किनारे छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन आदि लगाया जा सकता है। इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि अत्तू भंडारी, भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह राजपूत, महेश साहू, राहुल साहू, वीर सिंह बघेल, आनंदपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित कुशवाह, पवन कुशवाह, हरिओम शर्मा, गोलू शर्मा सहित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

# दो दिन से बारिश, धान रोपाई की तैयारी में जुट गए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 2 दिनों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट और मौसम ठंडा हो जाने से अब जुलाई में धान की रोपाई शुरू होने की स्थिति बन रही है। धान की रोपाई में हुए बिलंव से कटाई देर से होगी तो गेंहू की बोवनी और कटाई में भी देर होगी। इस वर्ष गेंहू का औसत उत्पादन कम हुआ, जिसके कारण इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद का लक्ष्य अधूरा रहा।

**धान रोपाई की तैयारी में जुटे किसान:** 2 दिनो में कभी तेज कभी धीमी बारिश से खेतो में नमी आना शुरू हो गई है। किसानो द्वारा डाला गया धान का रोपा भी अधिक उम्र का हो गया है। मौसम में ठंडापन आने के साथ बारिश की संभावना को देखते हुए किसान धान की क्यारियों में ट्यूबवेलों से पानी भर कर खेतो की मचाई और धान की रोपाई की तैयारियों में जुटे गए हैं। धान रोपाई में अधिक बिलम्ब से धान का प्रति एकड़ उत्पादन कम होने की संभावना रहती है।

### सबसे कम बरेली में बारिश

वर्षाकाल शुरू होने के बाद अभी तक बरेली में सबसे कम 58 मिमी ही बारिश हुई है। जबकि लगे क्षेत्र बाड़ी में 125 मि.मी. बारिश हो चुकी है। उदयपुरा में 71 मिमी, देवरी में 97 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है। बारिश की सबसे अधिक कमी बरेली क्षेत्र में होने से धान की रोपाई के साथ खरीफ फसलों की बोवनी का कार्य पिछड़ रहा है।

# खरीफ फसलों के लिए डीएपी, यूरिया, खाद की कमी

## एक-एक बोरी खाद के लिए किसान परेशान, कृषि विभाग मार्कफेड को नहीं मालूम कितना लगेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

खरीफ फसलों की बोवनी का सीजन शुरू हो गया है। मानसून की बारिश भी शुरू हो गई हैं। क्षेत्र के हजारों किसान सहकारी संस्थाओं, विपणन संघ की गोदामों में जरूरी डीएपी, यूरिया खाद न मिलने से हैरान परेशान बने हुए हैं। कृषि विभाग, विपणन संघ और किसानों के बीच सक्रिय सहकारी संस्थाओ को पिछले वर्ष हुई खरीफ सीजन में खाद की खपत बिक्री के अनुसार स्टाक करना चाहिए था। स्टाक न होने से गोदाम खाली और एक-एक बोरी खाद के लिए किसान हैरान परेशान बने हुए हैं।

डीएपी, यूरिया और अन्य प्रकार की खाद किसानों को ऋण के रूप में



मुख्य रूप से सहकारी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। सहकारी संस्थाओं को उनकी मांग के अनुसार खाद विपणन संघ की गोदामों से प्रदान किया जाता है। खरीफ सीजन शुरू हो जाने के बाद विभिन्न स्थानो के विपणन संघ के गोदाम खाद न होने से खाली पड़े हुए है। किसान खाद के लिए सहकारी संस्थाओ, विपणन संघ की गोदामों के चक्कर लगा कर परेशान हो रहे है।

### खाद की कालाबाजारी

जिस प्रकार खरीफ सीजन में जरूरी डीएपी, यूरिया, खाद की भारी कमी बनी हुई है। उसका लाभ उठाकर ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित से अधिक दामो पर खाद बैंचने और मुनाफाखोरी के लिए लोग सक्रिय बने हुए है। जब भी खाद की कमी होती हे, तो दानेदार सुपर खाद की रीपैकिंग कर उसे डीएपी के रूप में भी लोगों द्वारा बेचने का प्रयास किया जाता है। खाद के बने अभाव के बीच बैंची जा रही खाद की गुणवत्ता कैसी है, इसकी जांच भी नहीं हो पाती है। 1350 रुपए की डीएपी बोरी के 1500 रुपए से अधिक में चुपचाप बैंचने लोग सक्रिय बने हुए हैं। विपणन संघ की गोदामों और सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानो को खरीफ फसलों की बोवनी के लिए जरूरी खाद उपलब्ध न कराए जाने से किसानों में असंतोष का माहौल बनता जा रहा है।

**कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी, फल, साग सब्जी सहकारी संस्था मर्यादित भौरासा जि.विदिशा (पंजीयन कमांक 1094 दिनांक 18-5-2017)**

कमांक/नि.अ./2024/ क्यू                विदिशा दिनांक 04.07.2024

**// निर्वाचन हेतु आमसभा सूचना //**

मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49 (घ) के प्रावधानों के अन्तर्गत मुझे निर्वाचन अधिकारी फल, साग सब्जी सहकारी संस्था मर्यादित भौंरासा जिला विदिशा का नियुक्त किया गया है। संस्था के निर्वाचन हेतु विशेष आमसमा दिनांक 18.7.24 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। संस्था के संचालक मंडल निर्वाचन हेतु नियोजन पत्र दिनांक 11.7.2024 को समय 1 बजे से दोपहर 03:00 तक संस्था कार्यालय में सचिव श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा प्राप्त किये जावेगें। दिनांक 13.7.24 को नाम वापसी समय 1 बजे से 02:00 तक तथा इसके बाद अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जावेगा। सभी सदस्यों को निर्वाचन कार्यकम की सूचना डाक द्वारा अलग से प्रेषित की गई है, यदि किसी सदस्य को निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना प्राप्त न हुई हो तो इस विज्ञापन को ही सूचना समझी जावे।

**(अनिल सक्सेना) निर्वाचन अधिकारी**
**फल, साग सब्जी सहकारी संस्था**
**मर्यादित भौंरासा जिला विदिशा**

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 133.1 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 4 जुलाई तक 133.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 88.4 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 4 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 210.5 मिलीमीटर, गैरतगंज में 47.9, बेगमगंज में 168.5, सिलवानी में 168.6, गौहरगंज में 128.3, बरेली में 92, उदयपुरा में 111.4, बाड़ी में 183, सुल्तानपुर में 97.5 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 123.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 4 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक 20.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 10 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1.4, बेगमगंज में 3.4, सिलवानी में 24, गौहरगंज में 4.3, बरेली में 33.2, उदयपुरा में 40, बाड़ी में 57.5, सुल्तानपुर में 3.1 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 26.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ऑनलाइन कर सकते हैं मानव अधिकार शिकायत

**रायसेन।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा, टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रु का शुल्क जमा करके शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### अग्निवीर के लिए 8 से आवेदन प्रारंभ

**रायसेन।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाइन आवेदन 8 जुलाई से 28 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इच्छुक युवा आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है वह युवा आवेदन करने के लिये पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। एमपी रोजगार पोर्टल पर भी संबंधित लिंक उपलब्ध है।

### मप्र पर्यटन क्विज हेतु 8 जुलाई तक पंजीयन

**रायसेन।** बच्चों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित कराने तथा पर्यटन से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से मप्र पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन में प्रातः 08.30 बजे से शाम 04.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### खरीफ फसल का बीमा कराने अंतिम तिथि 31

**रायसेन।** जिले में खरीफ फसल का बीमा 1 जुलाई से शुरु हो गया है। उप संचालक कृषि एनपी सुमन ने बताया कि खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन के लिए 578 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान सिंचित 1020 रुपए प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित 652 रुपये प्रति हेक्टेयर, अरहर 680 रुपये प्रति हेक्टेयर, उडद 398 रुपये प्रति हेक्टेयर, मूंग 542 रुपये प्रति हेक्टेयर व मक्का के लिए 520 रुपये प्रति हेक्टेयर की बीमा प्रीमियम राशि तय की गई है। खरीफ 2024 में सोयाबीन व मक्का पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित है। पटवारी हल्का में अधिसूचित फसलों की प्रीमियम राशि बैंकों द्वारा काटी जाएगी। पीएम फसल बीमा योजना विगत वर्षों से स्वैच्छिक कर दी गई है। जिन किसानों को फसल बीमा नहीं कराना है, ऐसे किसान फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि से 7 दिवस पूर्व अर्थात 24 जुलाई तक बैंकों को निर्धारित प्रपत्र में सूचित करना होगा कि वह इस वर्ष योजना में सम्मिलित नहीं होना चाहते है।

---

## कॉलोनी में लोगों को प्लॉट बेच कर गायब हुए कॉलोनाइजर

# सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को 'विवश' रहवासी

### प्रशासन की नाकामी से अवैध रुप से कॉलोनी काटने का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कॉलोनी में सुविधाओ का सब्जबाग दिखाकर कॉलोनाइजर लोगों को गुमराह कर प्लॉटो का मनमानी कीमत पर विक्रय कर रहे है, लेकिन प्लॉटो का विक्रय कर कॉलोनाइजर न तो सुविधाए उपलब्ध करा रहे है और ना ही विक्रय के समय किए गए वायदे पूरे कर रहे है। फल स्वरुप अवैध रुप से नगर में बसी कॉलोनी के रहवासी प्लॉटो की मनमानी कीमत देने के बाद भी नारकीय जीवन जीने को मजबूर बताए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि नवागत कॉलोनाईजरो के द्वारा नगर के विभिन्न हिस्सो में 1 से 3 एकड़ भूमि में नवागत कॉलोनाईजरो के द्वारा कॉलोनी काटी जाकर स्वर्ग सी सुविधाओं के सब्जबाग दिखा कर प्लॉटो का विक्रय किया जा रहा है, इन कॉलोनियों में बिजली, पानी सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाए नही है। प्लॉट खरीद कर कई लोगो ने अपने मकान बना कर रहना भी प्रारंभ कर दिया है, रहवासी इन कॉलोनी में बिजली, पानी, सड़क, बिजली, जैसी मूलभूत सुविधाए ना होने से नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। वर्तमान में नगर से निकले स्टेट हाईवे 15 व 44 सहित नगर के अन्य हिस्सो में कॉलोनी के नाम पर प्लॉटो का विक्रय किया जा रहा है, इसके पूर्व में नगर में अनेको की संख्या में कॉलोनी का निर्माण किया जाकर प्लॉट विक्रय किए गए।

नगर में नर्मदापुरम, बस स्टैंड के पास सहित अन्य हिस्सो में प्लाटो का विक्रय किया गया लेकिन किसी भी कॉलोनी में पक्की सड़क, नाली, बिजली आदि सुविधाएं मुहैया नही है।

यहां के रहवासी कच्ची सड़क पर बहते गंदे पानी से बने दलदल के बीच आवागमन करने को मजबूर है। बरसात में आवागमन की समस्या विकराल रुप धारण कर लेती है, अघोषित कच्ची सड़क ताल तलैयो के रुप में तब्दील हो जाती है। ऐसे में आवागमन करना न केवल जोखिम भरा होता है बल्कि बिषैले जीव जंतुओ का भय भी बना रहता हैं।



#### सुविधाओं से वंचित रहवासी

*दूसरी ओर ऐसी कॉलोनियों में प्लाट खरीदने वाले लोगों का नुकसान होता है। कॉलोनियों में लोग जहां मूलभूत सुविधाएं के अभाव में जूझते हैंए तो वहीं कॉलोनियों में मकान बनाने के लिए बैंकों से अकसर लोन भी स्वीकृत नहीं होते हैं। पड़ताल से सामने आता है कि दर्जनों लोग ऐसे हैं, जिन्होंने इसी तरह की निर्माणाधीन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीद लिए हैं और स्वयं के व्यय से मूलभूत सुविधाओ को जुटा रहे हैं ।*

#### एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सुविधाओं की लगाई थी गुहार

बीते दिनो नर्मदापुरम कॉलोनी बेगवाखुर्द के रहवासियो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने की मांग की थी, तथा कॉलोनाईजर पर वादा खिलाफी करने का आरोप भी लगाया था। मांग पत्र मे उल्लेख किया था कि नर्मदा पुरम कॉलोनी के कॉलोनाइजर परषोत्तम पुरी तथा नरेश पुरी के द्वारा कॉलोनी में बिजली, पानी, सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधाए उपलब्ध नही कराई जा रही है, जबकि प्लाट विक्रय के समय कॉलोनाइजर के द्वारा कॉलोनी में आवष्यक मूलभूत सुविधाए बिजली, पानी, नाली सड़क तथा पार्क व मंदिर का निर्माण कराने का शपथ पत्र दिया गया था, लेकिन 48 माह बाद भी कॉलोनी में सुविधाए उपलब्ध नही कराई है।

कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा उक्त सुविधाए उपलब्ध न कराने से रहवासियो को परेषानी का सामना करना पड़ रहा है, रहवासियो के द्वारा अनेक बार कॉलोनाईजर से सुविधाए उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया, लेकिन कोई ध्यान नही दिया गया।

#### कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई नहीं

*कृषि भूमि पर भी कॉलोनी काटे जाने की बात सामने आ रही है, कहने को खेतों में कॉलोनी काटने से लेकर प्लाट बेचने में कॉलोनाइजरों का सीधे तौर पर हाथ होता है। हालांकि आधिकारिक रूप से प्लाट की खरीद फरोख्त किसानों और खरीदारों के बीच ही होती है। ऐसे में जब कॉलोनियों की वैधता पर सवाल खड़े होते हैं या कार्यवाही की बात आती है तो कॉलोनियां बसाने वाले मुख्य साजिशी यानी कॉलोनाइजर बड़ी आसानी से बच निकलते हैं। क्योंकि प्लाटों की रजिस्ट्री किसान के द्वारा विक्रेता के रूप में की जाती है।*

---

## बिना बताए घर से लापता हुई नाबालिग बालिका

### पिता ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के एक नजदीकी गांव में रहने वाली साढ़े 17 साल की नाबालिग लड़की को दिन के 3 बजे के लगभग कोई अज्ञात युवक बहला फुसला के भगाकर ले गया है। जैसे ही मामले की जानकारी परिजनों को मिली तो उन्होंने थाने में अज्ञात युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

सलामतपुर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ नई धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के एक नज़दीकी गांव से आए पिता ने शिकायत दर्ज कराई की उनकी साढ़े सत्रह की नाबालिग लड़की बुधवार दोपहर 3 बजे से गायब है।

काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का कहीं पता नही चल सका। इतना ज़रूर पता चला है कि उसको कोई अज्ञात युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा होने की वजह से तत्काल मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

#### मां गई थी धान रोपने पिता गया था हम्माली करने, लड़की लापता

*घर से लापता हुई नाबालिग चार बहनों और दो भाइयों में दूसरे नम्बर की बहन है। जो सलामतपुर के एक नजदीकी गांव में परिवार के साथ रहती है। बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे से गायब है। घटना के समय लड़की की मां धान रोपने गई हुई थी। वहीं पिता राजीवनगर के रेक पॉइंट पर हम्माली करने गया हुआ था। जब लड़की की मां वापस घर आई तो देखा कि उनकी लड़की घर से गायब थी। आसपास देखा तो उसका कहीं कोई पता नही चल सका। तो उसके पिता को पूरे मामले की जानकारी देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।*

#### इनका कहना है।

*मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा होने के चलते तत्काल आसपास थाने सहित भोपाल और विदिशा थाना क्षेत्र में भी नाबालिग लड़की से जुड़ी हुई पूरी जानकारी भेज दी है। उन्होंने कहा है कि जांच जारी है। हम शीघ्र ही नाबालिग लड़की को बरामद कर लेंगे।*

*दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी*

---

## सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर की भर्ती हेतु पंचायतों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में जनपद पंचायत स्तर पर भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 एवं जिला पंचायत और मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

मप्र डे-एसआरएलएम रायसेन के जिला परियोजना प्रबंधक ने बताया कि इन शिविरों में संस्था एसएससीआई नीमच द्वारा युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराते हुए सुरक्षा गार्ड और सुपरवाईजर पद पर युवाओं का चयन किया जाएगा।

जिले की जनपद पंचायत गैरतगंज में 8 जुलाई को, जनपद पंचायत बेगमगंज में 9 जुलाई को, जनपद पंचायत सिलवानी में 10 जुलाई को, जनपद पंचायत उदयपुरा में 11 जुलाई को, जनपद पंचायत बाड़ी में 12 जुलाई को, औबेदुल्लागंज में 15 जुलाई को और सांची में 16 जुलाई को यह भर्ती शिविर लगेंगे। यह शिविर संबंधित जनपद पंचायत प्रांगण में निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

---

## सड़क दुर्घटना होने पर संबंधित पशुपालकों पर की जाएगी कार्रवाई

### आवारा मवेशियों के कारण हो रहे हादसे, आवारा पशुओं को लेकर सरकार का बड़ा कदम

◆ पशु घूमते पाए गए तो गोशाला में बंद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

मवेशियों के कारण आए दिन भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर हादसे हो रहे हैं। मवेशी बालमपुर घाटी से लेकर भदभदा, देहरी, दीवानगंज, कुल्हाड़िया, बेरखेड़ी चौराहा, सलामतपुर सहित त्रिमूर्ति चौराहा पर बड़ी संख्या में बैठे रहते हैं। रात के समय दिखाई नही देने पर सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसमें मोटरसाइकिल सवार भी घायल हो रहे हैं।

अब सरकार ने इस मामले में संज्ञान लिया है। इसी मामले पर मध्य प्रदेश शासन में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि पशुपालक अपने गाय पशुओं को खुला छोड़ देते हैं, जिससे सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और गो माताओं की मौत हो जाती है। इसे लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से डोंडी पिटवाकर लोगों को सूचित करें कि गोमाता की रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। इसलिए उन्हें खुला ना छोड़े, अगर फिर भी किसी ने खुला छोड़ा और पशुओं के कारण सड़क पर दुर्घटनाएं होती हैं तो संबंधित पशुपालकों पर कार्रवाई होगी।



#### आवारा पशुओं की अकाल मौत, सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत के लिए संबंधित पशु मालिक जिम्मेदार होंगे

*जिला पशु विभाग अधिकारी आरके शुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार लोगों की सुरक्षा को लेकर रायसेन जिले में 4 सेक्टर बनाए हैं। इसमें बिलखिरिया से टोल नाका शहतगंज, दूसरा औबेदुल्लागंज मंडीदीप से टोल नाका विशन खेड़ा, तीसरा सुल्तानपुर जोड़ से खरगोन टोल नाका हरसिली, चौथा खरगोन से देवरी उदयपुरा यहां टोल नाका सेंटर बनाया है। संबंधित सेंटरों पर पेट्रोलिंग गाड़ियां रहेंगी। हाईवे पर कोई भी पशु बैठे पाए गए उन्हें तत्काल गौशाला, कांजी हाउस पहुंचाया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायतों को विशेष तौर पर निर्देशित किया गया है कि संबंधित लोग अपने पशुओं को घरों में बांधकर रखें, इस कार्य में ग्राम पंचायतें, नगर पंचायतें, नगर पालिका प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। इतने निर्देश देने के बाद भी पशुपालक अपने पशुओं को बांधकर नहीं रखेंगे तो दुर्घटनाएं होने पर संबंधित पशु मालिकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

---

## महंगाई डायन : हरी सब्जियों व दाल के दाम बढ़ने से बिगड़ा रसोई का बजट, लौकी टमाटर के भी बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

अब गरीब की थाली सब्जी से हो गई खाली। सब्जियों के आसमान छूते दामों ने आम गरीबों को परेशान कर दिया है। महंगाई पर नियंत्रण बेकाबू होने से लोगों में गहरा असंतोष बढ़ रहा है। गुरुवार को सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में टमाटर के रेट 80 और आलू प्याज के रेट 40 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। यह रेट सुनकर ही लोग टमाटर आलू प्याज की ओर से मुंह फेर लेते हैं।

फेरी लगाकर हरी सब्जियां बेचने वाले हाथ ठेले वाले भी अपने ठेलों पर टमाटर बहुत कम लेकर चलते हैं, क्योंकि उन्हें हर कोई नहीं खरीद पाता। इस सीजन में जो लौकी 10-15 रुपए प्रति किलो मिलती थी, वह अब 30 व 40 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मिल रही है। बाजार में ऐसी कोई सब्जी नहीं है जो 40 रुपए से कम दामों पर मिल रही है।

हरी सब्जी के रेट बढ़ने से पहले 5 रुपए का हरा धनिया मिल जाता था। अब धनिया की चंद पत्तियां 20 रुपए में भी नहीं मिल रहीं।



#### भारी पड़ रही कमरतोड़ महंगाई

*आम जनता की जेब पर बोझ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पहले सिर्फ प्याज के दाम ही बढ़े थे, लेकिन अब टमाटर सहित हर सब्जी के रेट हाई हो गए हैं। न सिर्फ सब्जी बल्कि दाल के दाम भी बढ़ गए हैं। सब्जियों और दाल पर कमरतोड़ महंगाई में मध्यम वर्ग की रसोई पर खासा असर डाला है। जहां बारिश के मौसम में सब्जियों के उत्पादन में कमी आने से गरीब की थाली से हरी सब्जी गायब हो रही है। वहीं दिनों दिन बढ़ रही मंहगाई डायन के कारण दालों के रेट भी बढ़े हैं। इधर रसोईघर की महत्वपूर्ण वस्तु कही जाने वाली दाल की हालत भी बढ़ते हुए दामों के कारण पतली हो चली है। फुटकर बाजार में अरहर की दाल 180-190 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए है। वहीं सुपाच्य और पोषक तत्वों के रूप में उपयोग की जाने वाली मूंग की दाल भी 110 से 120 रुपए किलो चल रही है।*

---

## कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियो को नवीन शिक्षा नीति से कराया अवगत

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक व अक्षत लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही शिक्षा संस्थानों के परिसर में शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रारंभ हो गई है। कक्षाओ में प्रवेश का सिलसिला भी जारी है, शिक्षकों के द्वारा डोर टू डोर जाकर अभिभावको को अपने बालक, बालिकाओं को अपने शिक्षण संस्थान में प्रवेश दिलाने प्रेरित किया जा रहा है।

नगर के शासकीय कॉलेज सिलवानी में दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक अक्षत लगाकर स्वागत किया गया। बल्कि नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नवीन सत्र में प्रारंभ होने वाले विषयों और महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी गई।



जनभागीदारी समिति अध्यक्ष द्वारा बच्चो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही बताया कि छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश लेते है तो उसकी रौनक उसी तरह बढ़ जाती है, जिस तरह फूलो के पौधों में नए नए फूल आने से।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बीडी खरवार, प्राध्यापक मनोहर पंथी, लक्ष्मीकांत नेमा, अनिल साहू, सतीश साहू, प्रीति कुशवाहा, मुस्तकीन अहमद, रामानुज रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

---

### शिकायत निवारण शिविर का किया आयोजन

## विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की शिकायतों का किया समाधान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किए जाने के लिए बिजली कंपनी द्वारा नगर में गुरुवार को विद्युत विभाग शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया, जहां पर कि समस्याओं को सुना व निराकरण किया। नगर के वार्ड 11 में स्थित मंगल भवन में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, जेई बीएल शाक्या की विशेष मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया।

जहां पर बढ़ी राशि के बिजली बिल, कम वोल्टेज आने सहित अन्य समस्याओं से उपभोक्ताओं ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को अवगत कराया, यहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाकर समझाइश दी गई।

---

### सरकार द्वारा प्रथम बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया

## बजट में युवा, महिला, किसान व गरीब अपेक्षाएं की पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सरकार के द्वारा प्रथम बजट विधान सभा में प्रस्तुत किया गया, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा विधानसभा के पटल पर रखे गए बजट को भाजपा के बरिष्ठ नेता, प्रथम नगर परिषद अध्यक्ष संजय मस्ताना ने अपनी प्रक्रिया में बजट को मप्र सरकार का यह सर्वस्पर्शी बजट बताया तथा कहा कि यह बजट युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित सभी वर्गों को साथ लेकर मध्यप्रदेश को प्रगति के पथ पर ले जाएगा। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने इस बजट में गरीब कल्याण की योजनाओं को प्राथमिकता दी है।

बजट की यह बड़ी उपलब्धि है कि इतनी अधिक जनहितैषी व गरीब कल्याण की योजनाओं के बावजूद एक भी नया टैक्स जनता पर नहीं लगाया गया है। उन्होंने प्रतिक्रिया में कहा है कि लाडली बहना और लाडली लक्ष्मी योजना के लिए 26 हजार 560 करोड़ की राशि, पीएम आवास योजना में अंशदान हेतु 4 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान रख कर मुख्यमंत्री ने गरीब कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

5 करोड़ से अधिक आबादी को निरूशुल्क खाद्यान्न और एक हजार अस्पतालों को आयुष्मान योजना से जोड़ कर गरीब निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए निरूशुल्क इलाज की सुविधाओं का बजट में प्रावधान किया गया है।

इससे गरीबों के प्रति बजट में संवेदनशीलता का पता चलता है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए 50 करोड़ और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लिए 250 करोड़ का प्रावधान करके सरकार ने गरीब परिवारों की अपेक्षाओं को पूरा किया है।




#### फसलों की तरह दूध उत्पादन पर भी बोनस का प्रावधान



*मस्ताना ने कहा कि यह सच्चे मायनों में किसान हितैषी बजट कहा जाएगा। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लिए बजट में 4900 करोड़ और पीएम फसल योजना के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान है। प्रदेश के 82 लाख किसानों को सहायता पहुंचाने और 48 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। गौपालकों और गोसंवर्धन के लिए अतिरिक्त प्रावधान करके मुख्यमंत्री ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के साथ गौसंरक्षण को बढ़ावा देने दिशा में बड़ा ही ठोस कदम उठाया है। फसलों की तरह दूध उत्पादन पर भी बोनस का प्रावधान किया गया है और गौशालाओं के लिए अनुदान राशि दोगुनी कर दी गई है इससे गोशालाओं के संचालन में सुधार आएगा और लोगों की रूचि इस ओर बढ़ेगी। युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार ने ठोस निर्णय लिए हैं जो इस बजट में देखे जा सकते हैं। इसके अलावा रोजगार परक उद्योगों की स्थापना की दिशा में बड़े कदम सरकार ने उठाए हैं जिसकी झलक बजट में है।*